**हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा पत्थर, रेत व बजरी के खनन् हेतू मौजा चुल्ला के लिए व्यास वैली पावर कारपोरेशन लिमिटिड, कॉलोनी गॉव चुल्ला, डाकखाना तुलाह, तहसील लढ–भडोल, जिला मण्डी हि0 प्र0 में दिनॉक 31–01–2014 को की गई जन–सुनवाई, की कार्यवाही का विवरणः–**

हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा दिनॉक 31–01–2014 को व्यास वैली पावर कारपोरेशन लिमिटिड, जोगिन्दर नगर में करवाई गई जन–सुनवाई का आयोजन अतिरिक्त जिला दण्ड़ाधिकारी, मण्डी की अध्यक्षता में व्यास वैली पावर कारपोरेशन लिमिटिड, कॉलोनी, गॉव चुल्ला, डाकखाना तुलाह, तहसील लढ–भडोल, जिला मण्डी हि0 प्र0 में किया गया। इस जन–सुनवाई में उपस्थित व्यक्तियों की सूची संलग्न है। सर्वप्रथम हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधि श्री रमेश कुमार नड्डा, पर्यावरण अभियन्ता, हि0 प्र0 राज्य प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड, बिलासपुर द्वारा आयोजित जन–सुनवाई की पृष्ठभूमि तथा इसके आयोजन के उद्देश्य से उपस्थित जनसमूह को अवगत करवाया गया। तत्पश्चात, अध्यक्ष महोदय की अनुमति से जन–सुनवाई की कार्यवाही शुरु की गई। इसके बाद व्यास वैली पावर कारपोरेशन लिमिटिड, जोगिन्दर नगर के अधिकारी द्वारा परियोजना के प्रारुप और विस्तृत पर्यावरण प्रभाव निर्धारण के बारे में लोगों को अवगत करवाया गया । इस जन–सुनवाई की कार्यवाही का विवरण निम्न प्रकार से है :–

| क्र0 | लोगों द्वारा उठाये गये सवाल | मुददों पर टिप्पणी |
|---|---|---|
| 1. | **सेवा निर्वित श्री परस राम, गॉव कोठीः–** कोठी गॉव से खन्न नहीं होना चाहिए न ही क्शर लगे न ही पत्थर उठे। हमनें कोई एन0 ओ0 सी0 नहीं दिया है हम सहयोग नहीं देगें सब कहते कि दीवार देगें। दीवार कोई नही देता है। नदी और आग को कोई नहीं रोक सकता। हम एन0 ओ0 सी0 नहीं देगें। | प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बताया कि इस क्षेत्र में कोई भी क्शर नहीं लगेगा। जन–सुनवाई केवल पत्थर, रेत व बजरी के खनन् हेतू ही है। |
| 2. | **चुल्ला निवासी, श्री दान सिंहः–** उहल तृतय चरण के लिए 137 बीघा जमीन दी कोई भी पैसा नही मिला। पानी के स्त्रोत समाप्त हो गए। चुल्ला निवासीयों के लिए एक ही नल दिया गया इक्कट्ठी स्कीम नहीं है। स्ट्रीट लाईटें नहीं है। जब तक यह काम नही होगें हम पत्थर नही उठानें देगें। | प्रोजैक्ट के अधिकारी नें स्पष्ट किया कि जमीन निर्धारित कानून के अर्न्तगत ही ली है। पानी के लिए पैसा लाडा में जमा करवाया है। |
| 3. | **सेवा निर्वित सुवेदार श्री कश्मीर सिंह, गॉव चुल्लाः–** रास्ते नही बनें, पुलियां बर्वाद हो गये, रास्ते बन्द कर दिये इसके बदले कोई रास्ते नही मिले सिवरेज नही है, सौर उर्जा की | प्रोजैक्ट के अधिकारी नें स्पष्ट किया कि जमीन निर्धारित कानून के अर्न्तगत ही ली है। पानी के |

| | | |
|---|---|---|
| | कोई व्यवस्था नही है। एक रोड़ भी नही बना, सारी जमीन चली गई, गरीब लोग कहॉ जायें कुछ लोगों ने ही फायदा उठाया गर्मियों में सारी धूल गॉव की ओर जाती है, कोई भी विभाग ध्यान नही करता । कांग्रेस घास से लोग नपुसंक हो रहे है। कांग्रेस घास को खत्म करना होगा। पर्यावरण शुद्व नही हो रहा है। हम इसके लिए संर्घष करेगें। | लिए पैसा लाडा में जमा करवाया है। धुल रोकनें के लिए पानी के छिडकाव का प्रम्बन्ध किया जायेगा। |
| 4. | **<u>श्री गॉधी राम, गॉव चुल्लाः–</u>** पानी की दिक्कत है दस साल से कोई स्कीम नही है। आई0 पी0 एच0 विभाग ने कोई भी काम नही किया। पानी ढो के लाना पड़ता है। औरतें पानी ढोती हैं आज तक पानी नही मिला। पानी की समस्या का समाधान किया जाये। बिजली बोर्ड ने पैसा भी दिया। पर आइ0 पी0 एच0 विभाग ने कोई भी ध्यान नही दिया। | प्रोजैक्ट के अधिकारी नें स्पष्ट किया कि जमीन निर्धारित कानून के अर्न्तगत ही ली है। पानी के लिए पैसा लाडा में जमा करवाया है। |
| 5 | **<u>श्री सीता राम, गॉव चुल्लाः–</u>** सरकार ने वादा किया था लेकिन रोजगार के लिए व्यवस्था नही है जरुरतमंद आदमी को नौकरी नही है। 2007 में विभाग को लाडा से पैसा मिला वह 2009 में आइ0 पी0 एच0 विभाग को दिया। माननीय मुख्यमन्त्री, आई0 पी0 एच0 मन्त्री एस0 सी0, एक्सन को लिखा कि स्कीम टोटे–टोटे लग रही है। हमें पूरी स्कीम चाहिए, टैंक उपर बनना चाहिए। उससे हमें पानी प्राप्त होना चाहिए। वर्तमान स्कीम से कोई फायदा नहीं। यह नही हुआ तो हम संघर्ष करेगें। स्ट्रीट लाईटें नही लगी एक भी रास्ता नही बना। एक मन्दिर के लिए लाडा से 10,000 रु मिला पर भगवान के लिए कुछ भी नही किया। अतः हमें संघर्ष ही करना पडेगा। हमारी आस्था का भी ध्यान नही रखा गया है। जब से काम चला है, रास्ता वर्वाद किया। कोई भी मॉ वहिन वहॉ नही जा सकती और हमारी घास की जमीन भी खत्म हो गई। काटों की तार से जमीन वंद हो गई। हमारें कार्य हो जायें, रास्तें की समस्या हल हो जायें। | प्रोजैक्ट परामर्शदाता नें बताया कि रोजगार इस खन्न में लगभग 35 लोगों को प्रत्यक्ष रुप में मिलनें की संम्भावना है। परामर्शदाता नें बताया कि प्रोजैक्ट का काम विभिन्न भागों में समाप्त हो चुका है केवल एच0 आर0 टी0 की लाईनिंग ही शेष रहती है। |
| 6 | **<u>श्री मति माया देवी महिला मण्डल प्रधान, चुल्लाः–</u>** पहले जो बक्ताओं ने वोला उसका समाधान हो। पानी की समस्या हैं एक भाग में नल है लेकिन दुसरे भाग में कोई नल नही है। | आई0 एड0 पी0 एच0 के प्रतिनिधि नें बताया कि पानी के टैंक का काम चल रहा है व गॉव में नल |

| | | |
|---|---|---|
| | कोई लाईट नही है और कोई रास्तें नही है। नल केवल चार ही है कोई भी रोजगार नही है। और न ही लाडा के तहत कोई काम हुआ। गॉव के पास पुली नही बनी मिलजुल कर हमनें जो रोड निकाला अभी वह कच्चा है। जिसकी जमीन गई उसको कोई लाभ नही है। अतः हमें रोड, रास्ते, लाईट दिये जायें। पुली के लिए प्रावधान नही किया गया हमारी वावडी तोड दी गई विरोध में चार नल लगा दिय गये है। स्थानिय लोगों को कोई रोजगार नही है। बाहर के लोगों को फायदा मिला। गॉव के लोगों को इतनी असुविधा है कि दिन में एक ही काम होता है । पानी की बहुत समस्या है। | लगाये गए है। |
| | **अध्यक्ष जन सुनवाई एंव अतिरिक्त जिला दण्ड़ाधिकारी मण्डी हि0 प्र0 :–** जन–सुनवाई खन्न के लिए है हमारे प्रदेश के विकास के लिए उद्योग लगायें जानें जरुरी है। प्रोजैक्ट भी, फैक्टरी भी लगनी जरुरी है और वो वहीं पर लग सकते है जहॉ उनके लिए उपयोगी जगह होती है। ये देश की भलाई के लिए होती है। ये जो जन–सुनवाई है इसके माघ्यम से आपके ऐतराज है उनको भी जन–सुवाई के माध्यम से सुनना जरुरी है। मैंनें योजना पढी है, यदि सारा काम योजना के अनुसार होता है तो सारा काम मैनुयल होगा। जो आपकी स्कीमें हैं वो सारा काम भी इन्होंनें कर दिया होगा। कोई रास्ते है, मन्दिर है, रिटेनिंग वाल है वह पुरे कर दिये होगें।<br>मैं जब मण्डी जांऊगा तो पता कंरुगा कि कितना पैसा लाडा में बचता है। मैंने एस0 डी0 एम0 साहव से अनुरोध किया है कि वह सभी विभागों जिनके माघ्यम से सारा काम हो रहा है से मिटिंग करें और देखें की पैसा कहॉ–कहॉ खर्च हुआ और किन–किन विभागों में अभी पैसा ऐसे ही पडा है। खन्न की गतिविधियों में 35 आदमी यहॉ के प्रत्यक्ष काम मिलेगा। तथा अप्रत्यक्ष रुप में भी यहॉ के लोगों को काम मिलेगा। यदि आप रेजुलेशन, प्रेजैन्टेशन देगें की कौन–कौन से काम अभी बचे है। आप अपनें रेजुलेशन एस0 डी0 एम0 साहव को दे दें। मैं मण्डी जाकर देखूंगा कि लाडा में अभी कितना पैसा बचा है। उसमें इस गॉव को प्राथमिकता दी जायेगी। इस योजना को पुरा करनें में प्रशासन और सरकार का पूरा सहयोग करें। यह हिमाचल सरकार की अपनी योजना है अतःआप पूरा सहयोग दें। | |

अतिरिक्त जिला दण्ड़ाधिकारी
जिला मण्डी (हि.प्र.)